Semester II

Pedagogy 7A / 7B

MICRO - TEACHING सूक्ष्म शिक्षण

- Concept of Micro - Teaching
- Components of Micro - Teaching
- Process of Micro - Teaching
- Significance of Micro - Teaching
- Teaching skills: — skill of Questioning.

By—
Dr. Asha Kumari Gupta

Asha Kumari Gupta

Scanned with CamScanner

CONCEPT OF MICRO-TEACHING
सूक्ष्म शिक्षण का प्रत्यय

सूक्ष्म शिक्षण, शिक्षण का एक सरलीकृत रूप है जिसमें वास्तविक शिक्षण की जटिलताओं को कम किया जाता है। इसमें लघु रूप में शिक्षण किया जाता है। इसमें पाठ्य-सामग्री, छात्रों की संख्या, समय अवधि कम रखी जाती है तथा एक समय में एक ही शिक्षण-कौशल का प्रयोग किया जाता है। सूक्ष्म शिक्षण कम समय, कम छात्रों तथा कम शिक्षण क्रियाओं वाली तकनीक है। (B. M. Shore)। सूक्ष्म शिक्षण अध्यापक प्रशिक्षण की एक तकनीक है, इसके द्वारा छात्राध्यापकों को शिक्षण कौशलों का अभ्यास कराया जाता है।

सूक्ष्म शिक्षण का विकास अमेरिका के स्टेनफोर्ड विश्वविद्यालय के D. W. Allen, Robert N. Bush तथा Keim Achesson ने सन् 1963 में किया। अन्होंने प्रशिक्षण लेने वाले शिक्षकों के व्यवहार में सुधार लाने के लिए इस विधि का प्रयोग किया। हमारे देश में 1967 में इलाहाबाद इंस्टीट्यूट के (D. D. Tiwari) ने पहली बार प्रयोग किया। इसके पश्चात सन् 1978 में राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद (NCERT) दिल्ली, (CASE), बड़ोदा तथा इंदौर विश्वविद्यालय के शिक्षा विभाग द्वारा इस दिशा में सामूहिक प्रयास किये गए। डा० बी० के. पासी, प्रो० एम. बी. बुच तथा प्रो० आर. दास ने सूक्ष्म शिक्षण को भारतीय परिस्थितियों के अनुरूप एवं आवश्यक सुधार किये और सूक्ष्म शिक्षण के भारतीय प्रतिमान (Indian Model of Micro-Teaching) का

Scanned with CamScanner

ii, The number of student is limited to 5-10.
छात्रों की संख्या 5-10 तक सीमित होती है।

iii. The duration of time is kept 5-10 minutes.
समय की अवधि 5-10 मिनट तक रखी जाती है।

iv. A single teaching skill is practised at a time.
एक समय में एक ही शिक्षण कौशल का अभ्यास किया जाता है।

इन सभी परिभाषाओं के विश्लेषण से यह स्पष्ट होता है कि सूक्ष्म-शिक्षण, प्रशिक्षण की एक विश्लेषणात्मक तकनीक (Analytical technique) है। सूक्ष्म शिक्षण पाठ की समाप्ति के बाद छात्र-अध्यापक को तुरन्त प्रतिपुष्टि (Immediate Feedback) प्रदान की जाती है।

Asha Kumari Gupta

Scanned with CamScanner